वी.यू. – पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय जबलपुर में संकल्पित विकसित भारत 2047 के तहत प्रतियोगिता का आयोजन

नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. सीता प्रसाद तिवारी जी के निर्देशानुसार एवं अधिष्ठाता डॉ. आर.के. शर्मा के मार्गदर्शन में पशु चिकित्सा एवं पशु पालन महाविद्यालय जबलपुर में माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा संकल्पित **"विकसित भारत /2047"** के तहत चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

निबंध प्रतियोगिता का विषय विकसित भारत – 2047 पर महिला सशक्तिकरण का प्रभाव रखा गया जिसमे प्रथम वर्ष के छात्र–छात्राओं ने भागीदारी की। वहीं चित्रकला प्रतियोगिता का विषय **"विकसित भारत/2047 के तहत स्वच्छ भारत हरा भारत"** रखा गया।

इस कार्यक्रम के दौरान डॉ. राखी वैश, डॉ. अमिता तिवारी, डॉ. आदित्य मिश्रा, डॉ. असित जैन एवं डॉ. पायल जैन उपस्थित रहे।

चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान देविका अनंत, द्वितीय स्थान समीक्षा ब्राह्मे, हर्षित मरावी एवं तृतीया स्थान हर्षिता तिवारी एवं हणेश्वरी गुलहरे ने संयुक्त रूप से प्राप्त किया।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि, जबलपुर